पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति
15 नवंबर 2021

श्री मनोहर लाल ने पीएफसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत गुरुग्राम में दौला स्मार्टग्राम सेकेंडरी स्कूल के चरण-II निर्माण का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 15 नवंबर 2021: हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी की उपस्थिति में गुरुग्राम, हरियाणा में दौला स्मार्टग्राम सेकेंडरी स्कूल के चरण-II निर्माण का उद्घाटन किया।

पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और विद्युत क्षेत्र में भारत की अग्रणी एनबीएफसी ने अपनी सीएसआर पहल के भाग के रूप में गुरुग्राम में दौला स्मार्टग्राम सेकेंडरी स्कूल के चरण-II निर्माण के लिए हरियाणा स्टेट कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबलिटी ट्रस्ट के साथ करार-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। करार के अनुसार, पीएफसी ऑनसाइट सेनिटेशन सीवरेज मैनेजमेंट सिस्टम, सोलर रूफ टॉप, अग्निशमन प्रणाली आदि के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। स्कूल को नई एवं टिकाऊ तकनीक के साथ बनाया गया है।

सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ स्कूल के चरण-II निर्माण की वर्तमान सीएसआर परियोजना का उद्देश्य हरियाणा राज्य में शैक्षिक बुनियादी ढांचे के विकास की जरूरतों को पूरा करना भी है। स्कूल आस-पास के गांवों के छात्रों को लाभान्वित करेगा। पीएफसी आशा करता है कि, नवीनतम टिकाऊ प्रौद्योगिकी के साथ नए स्कूल भवन से गांवों/स्थानीय समुदाय के सीमांत वर्गों के माता-पिता आगे आएंगे और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

उद्घाटन समारोह में श्री बोध राज सीकरी, उपाध्यक्ष, हरियाणा स्टेट सीएसआर ट्रस्ट, श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद, अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, श्री सुधीर राजपाल, अपर मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, डॉ. यश गर्ग, उपायुक्त, गुरुग्राम, श्री प्रवीण कुमार सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक) पीएफसी, श्री आर. रहमान, कार्यपालक निदेशक (सीएसआर) और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ह/-

(एस एस राव)
मुख्य महाप्रबंधक (पीआर)